# जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा

www.dainikjagranmpcg.com ✹ सिवनी-मालवा ✹ पिपरिया ✹ सोहागपुर ✹ मुलताई ✹ सारनी ✹ आमला ✹ टिमरनी ✹ खिरकिया भोपाल 07 दिसम्बर 2025


## न्यूज कार्नर

### सांसद ने किया निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**जागरण, सिवनी मालवा।** सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शनिवार को ग्राम कोठरा में प्राथमिक शाला भवन के निर्माण कार्य का विधायक प्रेमशंकर वर्मा के साथ भूमि पूजन किया। सांसद श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के शिक्षित, सक्षम और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने का यह प्रयास, गांव में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नई शुरुआत करेगा। उन्होने इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों से संवाद कर विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य कराने हेतु सभी से आग्रह किया। इस दौरान कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष रेणुका मृगेंद्र मंडलोई, योगेन्द्र राजपूत, वरुण पटेल, अजीत मंडलोई, जितेंद्र चौहान, ग्राम सरपंच पवन रघुवंशी एवं समस्त जनप्रतिनिधि-कार्यकर्तागण तथा ग्रामीणवासी उपस्थित रहे। इसी तरह सांसद एवं विधायक ने ग्राम मिसरोद में सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

### ठंडी हवाओं से नर्मदांचल में बढ़ी ठंड

**जागरण, नर्मदापुरम।** इन दिनों नर्मदांचल में सर्द हवाओं से मौसम में बहुत परिवर्तन हुआ है, जिससे कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शनिवार सुबह से हल्का कोहरा भी छाया रहा। दोपहर में तेज धूप रही। बीते कुछ दिनों से जिले के तापमान में गिरावट का दौर जारी है। शनिवार को भी पिछले 24 घंटे में तापमान में भी 4.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हुई है। तापमान में गिरावट की वजह से जिले में ठंड बढ़ गई है। जिले के साथ ही पचमढ़ी के न्यूनतम तापमान में भी मामूली गिरावट हुई। शनिवार की पचमढ़ी के न्यूनतम तापमान में 1.2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई। पचमढ़ी का मौसम भी पर्यटकों को लुभा रहा है। यही कारण है कि पचमढ़ी में पर्यटकों की संख्या बढ़ रही है। पचमढ़ी में ठंड से बचने के लिए स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों ने आग जलाकर (अलाव) का सहारा ले रहे है। सुबह से घना कोहरा छाने से मौसम खुशनुमा हो रहा। मौसम विभाग की माने तो आने वाले समय मे तापमान में और ज्यादा गिरावट की संभावना है।

### शोभापुर में सड़क हादसे में 2 की मौत

**जागरण, सोहागपुर।** शोभापुर क्षेत्र में शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। ग्राम बरेली के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी अनुसार हादसे के बाद 1 घंटे तक एंबुलेंस नहीं पहुंची, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। बाद में पुलिस और ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के मुताबिक, मृतक कमलेश (25) पिता भगवत सिंह गुर्जर और लखन गुर्जर (45) पिता हल्के वीर, दोनों निवासी ग्राम अजेरा (थाना सोहागपुर) हैं। वे काम से निकले थे, देर शाम करीब 7 बजे वे पिपरिया से अपने गांव वापस जा रहे थे। तभी ग्राम बरेली के पास सुनसान अंधेरे रास्ते पर किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

### एसडीएम ने शक्ति घाट का किया निरीक्षण

**जागरण, सिवनी मालवा।** नगर के शक्ति घाट पर शनिवार को एसडीएम विजय राय ने निरीक्षण किया। यह निरीक्षण कंदेली नदी के सौंदर्यीकरण और साफ-सफाई व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए किया गया। उनके साथ नगर पालिका की टीम भी मौजूद थी। एसडीएम विजय राय ने इस दौरान नगर पालिका परिषद सिवनी मालवा के सीएमओ अमर सिंह उइके से बातचीत की। सीएमओ ने बताया कि शक्ति घाट पर हर साल मूर्ति विसर्जन होता है, जिससे गाद जमा हो जाती है। इस वर्ष भी विसर्जन के बाद गाद की मात्रा बढ़ गई थी। सीएमओ के अनुसार, सोशल मीडिया पर गाद की तस्वीरें वायरल होने के बाद नगर पालिका ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। सीएमओ उइके ने जानकारी दी कि पिछले दो दिनों से नगर पालिका द्वारा लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गाद को काफी हद तक हटा दिया गया है, जिससे घाट अब पहले से अधिक साफ-सुथरा दिख रहा है। घाट के सौंदर्यीकरण और व्यवस्था सुधारने के लिए भी कार्य जारी है। एसडीएम विजय राय ने नगर पालिका द्वारा विकसित किए जा रहे विसर्जन कुंड के निर्माण कार्य का भी जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि भविष्य में मूर्ति विसर्जन इसी कुंड में सुव्यवस्थित तरीके से किया जाए।

## होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह का आयोजन

# जवानों एवं परिवार के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर बढ़ाया उनका मनोबल

**जागरण, नर्मदापुरम।** होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह शनिवार को होमगार्ड लाइन नर्मदापुरम में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माया नारोलिया राज्यसभा सांसद, विशिष्ट अतिथि नपाध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव एवं सेवानिवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट महेश हनोतिया रहे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा परेड की सलामी, परेड कमांडर अमृता दीक्षित प्लाटून कमांडर द्वारा दी गई। डायरेक्टर जनरल होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा मध्यप्रदेश के संदेश का वाचन किया गया एवं मुख्य अतिथि द्वारा गृहमंत्री भारत सरकार के संदेश का वाचन एवं अपने उद्‌बोधन में बाढ आपदा राहत एवं बचाव ड्‌युटी, चुनाव ड्‌युटी, कानून व्यवस्था, नागद्वारी मेला, धार्मिक त्यौहार जैसी महत्वपूर्ण ड्‌युटी करने के फलस्वरूप होमगार्ड जवानों की सराहना की गई।

इस अवसर पर होमगार्ड विभाग के जवानों के परिवार के मेधावी छात्र एवं छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं बैंक से सम्मानित किया गया। वर्ष के दौरान बाढ आपदा राहत एवं बचाव कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले होमगार्ड, एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेस के वालिन्टियरों को प्रशस्ति पत्र से पुरुस्कृत किया गया। एसडीईआरएफ द्वारा लगाई गई बाढ आपदा उपकरणों एवं एयर लिफ्टिंग बैग आदि की प्रदर्शनी का



अवलोकन मुख्य अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम के पश्चात होमगार्ड, एसडीईआरएफ एवं सिविल डिफेस के सदस्यों द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत मटकी फोड प्रतियोगिता, रस्साकसी प्रतियोगिता एवं कुर्सी दौड का आयोजन किया गया एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कायर्कम के तहत एकल एवं समूह डांस की मनमोहक प्रस्तुति पेश की गई। कार्यकम में सेवानिवृत्त निवृत्त डिस्ट्रिक्ट कमांडेन्ट, अधिकारी, कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, पार्षद, पत्रकार बंधुओं, एनसीसी की बालिकाएँ, सिविल डिफेस के वालिन्टियर एवं होमगार्ड विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं होमगार्ड के जवान एवं परिवार के सदस्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन आरती शर्मा द्वारा किया गया। आभार ओमप्रकाश रघुवंशी एएसआईएम होमगार्ड नर्मदापुरम द्वारा किया गया।

### सांसद खेल महोत्सवः सांसद चौधरी सम्मिलित हुए

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनीमालवा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव का समापन समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कबड्डी प्रतियोगिता के अंतिम मैच को देखकर खिलाड़ियों की टीम भावना और खेल के प्रति समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के फिट इंडिया स्वस्थ भारत के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए ऐसे आयोजनों से युवाओं में खेल संस्कृति का संचार होता है। इस अवसर पर विधायक प्रेमशंकर वर्मा, नपाध्यक्ष रितेश जैन, जनपद अध्यक्ष रेणुका मृगेंद्र मंडलोई, राजेंद्र पालीवाल, योगेन्द्र राजपूत, वीरेंद्र मिश्रा, वरुण पटेल, अजीत मंडलोई और जितेंद्र चौहान, समस्त जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।



## यश लेने की होड़ में नेताजी की भद्द

इटारसी क्षेत्र में एक दुखद घटना हुई जब एक कर्मचारी की करंट से मौत हो गई। मामला सेंसेटिव था तो गांव के संभ्रांत वर्ग में आक्रोश था, ग्रामीणों ने क्षेत्र के प्रतिष्ठित परिवार के नेतृत्व में सामूहिक रूप से प्रदर्शन किया तो विभाग के पसीने छूट गए समझौते की बात आई तो गांव के ही एक हाईकोर्ट अधिवक्ता ने मध्यस्था कर दिवंगत के परिवार को आर्थिक मदद के लिए बाकायता स्टाम्प पर आश्वासन लिया। इस आंदोलन की भीड़ का हिस्सा रहे एक अन्य क्षेत्रीय नेताजी को लगा कि ये अच्छा मौका है नेतागिरी चमकाने का सो नेताजी स्वयंभू पूरे मामले का नेतृत्वकर्ता बन गए और सोशल मीडिया पर खुद को आंदोलन से निकले परिणाम के लिए स्वयं की वाह-वाही स्वयं लेने में जुट गए। कुछ मीडियाकर्मी भ्रमित होकर नेताजी को क्रेडिट दे गए तो जिन लोगों ने वास्तविक मेहनत की थी उनको नागवार गुजरा। अब नेताजी से कोई उस विषय पर बात कर सच्चाई जानना चाहता है तो नेताजी बगले झांकने लगते है। क्षेत्र में संवेदनशील मुद्दे पर नेताजी की यश लूटने की बात पर खूब भद्द पिट रही है। चकल्लस चाचा ने कहा इसी को कहते है अपने मियां मिट्ठू बनने वालों की कहीं भी भद्द पिट जाती है।

चाचा की चकल्लस




राजेंद्र ठाकुर, नर्मदापुरम

### शीशे के घर वाले दूसरों के घर फेंक रहे पत्थर

जिले की क्षेत्रीय पत्रकारिता में एक महाशय प्रारंभ से वर्तमान तक अपने क्रियाकलाप से अपयश के सहभागी रहे। ये मीडियाकर्मी महाशय की दुकानदारी में दूसरे साथी जब रोड़ा बनने लगे तो आदत के मुताबिक जैसे आम कर्मचारियों को आरटीआई से डराकर वसूली करते है सो आदत के मुताबिक यहां भी बेफिजूल की बात पर लीगल नोटिसबाजी से डराने का प्रयास करने लगे जबकि स्वयं की पत्रकारिता दागदार है और ये दाग पुलिस रिकॉर्ड में भी दर्ज है। चकल्लस चाचा का कहना है कि जिनके घर शीशे के हो उन्हें दूसरे के घर पर पत्थर नहीं फेंकना चाहिए।

### अपनी अपनी आस, अपने अपने गणित

प्रदेश सरकार में मंत्रीमंडल विस्तार की खबरें हवा में है तो जिले के सभी विधायकों के समर्थक अपने अपने गणित से अपने विधायक का मंत्रीमंडल स्थान तय मान रहे है। इसमें दो मत नहीं है कि जिले के चारों विधायक लंबा राजनैतिक अनुभव और योग्यता रखते है पर समर्थकों के गणित में तो सिर्फ उनके विधायक ही पास होते है इस बात पर समर्थकों में योग्यता और संभावनाओं के गणित पर कई बार लंबी तीखी तकरार भी हो जाती है। चकल्लस चाचा कहते है इसी को कहते है सूत न कपास जुलाहों में लठ्ठम लठ्ठ।

## सुरीला नर्मदापुरम सप्ताह कार्यक्रम धूमधाम से मनाया 14 को होगा शानदार संगतीमय सिल्वर जुबली समारोह

**जागरण, नर्मदापुरम।** शहर का लोकप्रिय पारिवारिक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरीला नर्मदापुरम अपने 25 हफ्तों के सफल सफर को पूरा करते हुए अब सिल्वर जुबली समारोह के रूप में खास जश्न मनाने जा रहा है। यह आयोजन 14 दिसंबर को फन, मस्ती और म्यूजिक की शानदार प्रस्तुति के साथ मनाया जाएगा। नर्मदापुर युवा मंडल के अध्यक्ष अखिलेश खंडेलवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले 25 हफ्तों से प्रत्येक रविवार को पारिवारिक और सांस्कृतिक माहौल में आयोजित किया जा रहा है। बढ़ती लोकप्रियता और शहरवासियों के उत्साह को देखते हुए इस बार का कार्यक्रम विशेष आकर्षणों से भरा होगा। युवा मंडल के मनीष परदेशी ने बताया कि कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए नगर के प्रसिद्ध कलाकार और संगीतकार कमल झा के निर्देशन में



कलाकार प्रतिदिन अभ्यास कर रहे हैं। तैयारी को सुचारू रूप देने के लिए बैठक कर जिम्मेदारियों का वितरण भी किया गया। सिल्वर जुबली कार्यक्रम में लाइव ऑर्केस्ट्रा, कराओके प्रस्तुति, एकल एवं युगल गीत, मिमिक्री आर्टिस्ट, और स्थानीय कवियों की रचनाओं का पाठ विशेष आकर्षण होंगे। परिवार सहित आनंद लेने योग्य यह कार्यक्रम नगर की कला और प्रतिभा को एक मंच पर लाने का उद्देश्य पूरा करता है। सुरीला नर्मदापुरम का सिल्वर जुबली उत्सव शहरवासियों के लिए एक यादगार सांस्कृतिक शाम के रूप में रहेगा।

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

**जागरण, नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। भ्रमण का उद्देश्य बच्चों को कक्षा से बाहर वास्तविक अनुभवों के माध्यम से सीखने का अवसर प्रदान करना था। विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस यात्रा में बच्चों का मार्गदर्शन किया। शैक्षिक यात्रा के दौरान अलग-अलग कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अलग-अलग स्थानों का भ्रमण किया। कक्षा 1 के विद्यार्थियों ने भीलट देव (स्थानीय संस्कृति और इतिहास से परिचय, कक्षा 2 के विद्यार्थियों ने भीमबेटका विश्व धरोहर स्थल के प्रागैतिहासिक गुफाचित्र, कक्षा 3 के विद्यार्थियों ने भोपाल में स्थलों का अवलोकन, कक्षा 4 के विद्यार्थियों ने बालाजीपुरम, बैतूल आस्था एवं सांस्कृतिक अध्ययन, कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने सांची बौद्ध स्तूप और



ऐतिहासिक स्मारक, कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने पीपुल्स मॉल में आधुनिक सुविधाओं का अनुभव, कक्षा 7 के विद्यार्थियों ने साइंस सेंटर एवं योगा हॉल भोपाल विज्ञान, तकनीक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियां एवं कक्षा 8 के विद्यार्थियों ने भोपाल फन पाल मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से समूह निर्माण और सीख आदि गतिविधियों में सहभागिता की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक अनुभव प्राप्त किया, बल्कि टीमवर्क, अनुशासन और व्यवहारिक सीख के भी महत्वपूर्ण अनुभव हासिल किए। बच्चों ने उत्साह के साथ यात्रा का आनंद लिया। प्राचार्य मोना चटर्जी ने बताया कि ऐसे शैक्षिक भ्रमण बच्चों की बहुआयामी शिक्षा के लिए अत्यंत लाभदायक हैं और आगे भी इस प्रकार के आयोजन जारी रहेंगे।

## समेरिटंस में एनसीसी डे पर हुए विविध आयोजन




**जागरण, नर्मदापुरम।** 13/05 मध्यप्रदेश बटालियन से संबद्ध समेरिटंस स्कूल में शनिवार को कमान अधिकारी कर्नल एसपी सिंह के दिशानिर्देश में सूबेदार मेजर वीसी तिलक के मुख्य आतिथ्य में एनसीसी डे पर विविध आयोजन हुए। कार्यक्रम की शुरूआत मार्च पास्ट से हुई। अतिथियों ने परेड की सलामी ली। परेड का नेतृत्व कैडेट्स सिद्धि सिंह ने किया। उनके पीछे भारतीय ध्वज लिए थल सेना कैंप करके लौटे केडिट्स लक्ष्य भार्गव, सार्जेंट देवांश दीवान, निहाल अहिरवार, पूर्वा दीवान, पूर्वी यादव, प्रीत दुबे कमांडर की भूमिका में रहे। कार्यक्रम में कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उपस्थित अतिथियों ने स्कूल के राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाले कैडेट्स का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन सीपीएल वेदज्ञ भूषण शर्मा, मरियम इरफान ने किया। कार्यक्रम में 13 मध्यप्रदेश बटालियन से सूबेदार राकेश कुमार, 5 मध्यप्रदेश बटालियन से सूबेदार संजय पाटिल, जिसीआई स्टाफ आकांक्षा भी शामिल थी।

कार्यक्रम में समेरिटंस ग्रुप के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत, एनसीसी मैनेजर प्रदीप कुमार यादव, उप प्राचार्य राजेन्द्र रघुवंशी, सेकंड ऑफिसर विजय श्रीवास्तव, एनसीसी आफिसर स्नेहा उपाध्याय, विक्रांत खंपरिया, सचिन खंपरिया आदि उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह भीन किए गए। एनसीसी गीत एवं एनसीसी ऑफिस एरिया निरीक्षण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## समेरिटंस स्कूल माखननगर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**जागरण, माखननगर।** समेरिटंस स्कूल आंजनेय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी प्राकृतिक वाणी 2025-2026 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नपाध्यक्ष रीना आकाश तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी, समाजसेवी सत्यनारायण पाराशर, लायंस क्लब के सदस्य दीपक वर्मा, संजय वर्मा, कवयित्री कीर्ति वर्मा, शाला परिसर के वरिष्ठ नीलाम शर्मा दीदी, डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा, बीआरसी श्याम सिंह पटैल एवं शासकीय स्कूल के शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। शाला की प्राचार्य जागृति सिंह एवं अतिथियों ने बच्चों के प्रदर्शित मॉडल की सराहना की।

### प्राकृतिक खेती पर विधेयक क्रांतिकारी कदम : सांसद

**जागरण, नर्मदापुरम।** सांसद दर्शन सिंह चौधरी द्वारा प्रस्तुत विधेयक प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्रांतिकारी कदम है, जिसमें सरकार प्राकृतिक कृषि उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करेगी जो सामान्य खेती में कृषि उपज के लिए निर्धारित मूल्य के दोगुने से कम नहीं होगा। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सामान्य खेती करने वाले किसानों की तुलना में फसल बीमा का लाभ दोगुना मिले। सरकार प्राकृतिक कृषि उपज की बिक्री हेतु अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत संबंधित राज्य सरकार द्वारा स्थापित कृषि उपज मंडी समितियों सहित सभी कृषि बाजारों में राष्ट्रीय कृषि उपज मंडी स्थापित करेगी। समुचित सरकार प्राकृतिक खेती द्वारा उगाए गए कृषि उत्पादों के भंडारण और परिवहन के लिए पर्याप्त संख्या में खरीद केंद्र स्थापित करेगी।

**निरीक्षण** | अपर तहसीलदार तोमर ने किया एसआईआर के कार्य का निरीक्षण

# मतदान केंद्र में अनमैप मतदाताओं की सूची का वाचन

**जागरण, नर्मदापुरम।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश में मतदात सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है इस कार्य में गणना पत्रक के डिसटाईजेसन के उपरांत जो मतदाता सर्च नहीं हो रहें हैं या स्थानांतरित हो गये हैं उनकी जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को होशंगाबाद विधानसभा 137 अंतर्गत एसपीएम स्कूल में मतदान केन्द्र क्रमांक 28, 29 एवं 30 के मतदान केन्द्र में इन मतदाताओं की सूची का वाचन अपर तहसीलदार शक्तिसिंह तोमर एवं बीएलओ सुपरवाईजर रामकुमार गौर के नेतृत्व् में बीएलओ के द्वारा किया गया किया गया। इस कार्य में एसपीएम पार्षद दुर्गश चौधरी एवं बीएलए की उपस्थिति में बीएलओ कपिल यादव, सुखराम पवार एवं कमलेश नायर के द्वारा जो मतदाता सर्च नहीं हो पा रहे हैं उनकी सूची पढकर सुनाई गई। जानकारी देने पर यदि कोई मतदाता सर्च हो जाता है तो



उसके लिये गणना पत्रक को पुनः संशोधित किया जा रहा है। अपर तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर ने बताया कि सभी मतदान केन्द्रों पर मुहीम चलाई जा रही है एवं जिन मतदाताओं की जानकारी नहीं मिली है जो नो मेपिंग में हैं उनकी 2003 की जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। कोई मतदाता इस कार्य में छूटे नहीं इसके लिये सम्पूर्ण प्रयास किये जा रहे हैं। श्री तोमर ने बताया कि आपके द्वारा मतदान केन्द्रो क्रमांक 26, 27, 28, 29, 30, 95, 96, 97, 103 एवं 104 मतदान केन्द्रों का भ्रमण किया गया, जहां पर भी जगह सूची का वाचन किया गया एवं मतदाताओं से चर्चा की गई। भ्रमण में सुपरवाईजर अनुपमा राय एवं रामकुमार गौर शामिल रहे।

### बीएलओ सुपरवाइजर ने किया निरीक्षण

मतदात सूची गहन पुनरीक्षण का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में गणना पत्रक के डिसटाईजेसन के उपरांत जो मतदाता सर्च नहीं हो रहें हैं या स्थानांतरित हो गये हैं उनकी जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया जा रहा है इसी क्रम में आज होशंगाबाद विधान सभा 137 अंतर्गत ग्राम पंचायत बुधवाडा के मतदान केन्द्र 24 बुधवाडा एवं मतदान केन्द्र 25 आगरा कला का निरीक्षण किया। एसआईआर के कार्य में जो नाम शेष बचे हैं एवं जो सर्च नहीं हो पा रहे हैं उन नामों की सूची का वाचन मतदान केन्द्र पर किया गया। इस दौरान बीएलओ अनीता शर्मा, अमिता गौर, सरपंच रामदुलारे यादव, मांगीला यादव, लीलाधर बरेले, संतोष मेहरा, किरण राजेरिया, कृष्णा कुशवाहा, अंजू लता तिवारी आदि मौजूद रहीं।

## लेडवानी छावनी परिषद सदस्य मनोनीत

**जागरण, पचमढ़ी।** भारत सरकार द्वारा छावनी परिषद पचमढ़ी में संजय लेडवानी को पुनः परिषद का मनोनीत सदस्य नियुक्त किया है। श्री लेडवानी को परिषद के अध्यक्ष द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। श्री लेडवानी ने पिछले चुनाव में वार्ड क्रमांक 07 से चुनाव लड़े थे ओर उसमें विजय हासिल की थी। छावनी परिषद के सदस्यों का कार्यकाल भी पांच वर्ष का ही होता है। पांच वर्ष बाद चुनाव न होने की स्थिति में एक वर्ष का कार्यकाल बढ़ाया जाता है, उसके पश्चात भी चुनाव न होने की स्थिति में भारत सरकार रक्षा मंत्रालय द्वारा एक सदस्य को मनोनीत किया जाता है। 06 वर्ष का परिषद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद श्री लेडवानी को भारत सरकार द्वारा प्रथम बार 04 जनवरी से 30 नवंबर तक के लिए छावनी परिषद में सदस्य मनोनीत किया गया था, इसके पश्चात दोबारा भी श्री लेडवानी को ही भारत सरकार रक्षा मंत्रालय द्वारा छावनी परिषद में सदस्य मनोनीत किया गया है। संजय लेडवानी भाजपा के वरिष्ठ सदस्य, वरिष्ठ वकील हैं। श्री लेडवानी संघर्षशील व्यक्तित्व हैं, पचमढ़ी के विकास कार्यों के लिए सदैव अग्रणी रहते हैं। पूर्व में छावनी परिषद में कांग्रेस समर्थित परिषद थी, 07 वार्डों में से 06 वार्डों में कांग्रेस समर्थित पार्षदों का कब्जा था। छावनी परिषद के गठन के बाद ये पहला अवसर था, जब किसी परिषद के कार्यकाल में तीन-तीन उपाध्यक्ष दिए गए हों। इतना बड़ा बहुमत के बाद भी पिछली परिषद में पचमढ़ी की पानी की टंकी ओर नामांतरण जैसे मुख्य कार्यों को कराने में पिछली परिषद पूर्णता विफल रही। छावनी परिषद के मनोनीत सदस्य संजय लेडवानी ने कहा कि पिछले वर्षों में जो पचमढ़ी छावनी परिषद में जो कार्य नहीं हुए है उसे प्राथमिकता से पूर्ण कराया जाएगा। अब मनोनीत सदस्य श्री लेडवानी की तरफ स्थानीय निवासी आशा भरी नजरों से देख रहें हैं, ताकि रुके हुए कार्यों को गति प्रदान हो सके।



## न्यूज कार्नर

### सांसद चौधरी ने सुनीं आमजन की समस्याएं



**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने शनिवार को स्थानीय रेस्ट हाउस में आमजन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान, जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य प्रशांत अग्रवाल ने रेलवे स्टेशन के पास हो रही अव्यवस्थाओं की ओर सांसद का ध्यान आकर्षित कराया। इस पर सांसद चौधरी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, तत्काल डीआरएम भोपाल को फोन पर समस्याओं को दूर करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष राहुल चौरे, राकेश जाधव, मनीष ठाकुर, विवेक जैन सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

### 63 लीटर शराब इलेक्ट्रिक ऑटो जब्त

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के विक्रय और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इटारसी पुलिस ने थाना प्रभारी इटारसी निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शुभम मौर्य उम्र 30 वर्ष और अमन राजपूत 25 वर्ष को एसबीआई बैंक के पास तिराहा, पुरानी इटारसी से गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से कुल 63 लीटर देशी मदिरा प्लेन 350 क्वाटर और एक इलेक्ट्रिक ऑटो जब्त किया गया। जब्त मशरुका की कीमत 2 लाख 28 हजार रुपए है। थाना इटारसी में अपराध आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। दोनों आरोपी आदतन अपराधी हैं और उनके विरुद्ध पहले से ही थाना इटारसी में 7-7 अपराध पंजीबद्ध हैं।

### सार्वजनिक स्थानों पर अब तक अलाव नहीं

**जागरण, इटारसी।** नगर में शाम होते ही ठंड में तेजी आने लगी है, लेकिन नगर पालिका ने अब तक सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू नहीं की है। पिछले वर्ष, नगर पालिका ने नवंबर के अंत तक ही अलाव जलाना शुरू कर दिया था। ठंड बढ़ने के बावजूद, शहर के प्रमुख स्थानों जैसे जयस्तंभ चौक, रेन बसेरा, बस स्टैंड और तुलसी चौक पर अभी तक अलाव नहीं जलाए जा रहे हैं। इस संबंध में, नगर पालिका की सीएमओ ऋतु मेहरा का कहना है कि प्रशासन जल्द ही अलाव जलाए जाने की व्यवस्था कर रहा है। स्थानीय लोग, खासकर गरीब और राहगीर, ठंड से राहत पाने के लिए जल्द से जल्द अलाव शुरू किए जाने की मांग कर रहे हैं।

### बोर्ड परिणाम सुधारने पर जोर

**जागरण, इटारसी।** आज संभागीय उपायुक्त सिद्धार्थ मित्रा ने सांदीपनि विद्यालय, सुखतवा का आकस्मिक निरीक्षण किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप सिंह राजपूत ने बताया कि संभागीय उपायुक्त ने विद्यालयीन अभिलेखों, उपस्थिति पंजी, परीक्षाफल पंजी, और छात्र दैनिक उपस्थिति पंजी सहित अन्य सभी महत्वपूर्ण अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने सभी शिक्षकों को आगामी बोर्ड परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए विशेष प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। श्री मित्रा ने छात्रों के साथ सीधा संवाद भी किया। उपायुक्त ने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और विद्यालय प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया और भविष्य में और बेहतर प्रयास करने के लिए निर्देश दिए।

### ट्रांसफार्मरों को जाली से कर रहे संरक्षित

**जागरण, इटारसी।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इटारसी द्वारा शहर में दुर्घटनाओं से बचाव के लिए पुराने ट्रांसफार्मर और डीपी को लोहे की जाली लगाकर संरक्षित किया जा रहा है। शहर प्रबंधक अखिलेश कनोजे के अनुसार, शहर के विभिन्न स्थानों में कई सालों पुराने 25 ट्रांसफार्मर और डीपी को लोहे की जाल से संरक्षित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक, विद्युत टीम द्वारा 17 से 18 स्थानों पर ट्रांसफार्मर/डीपी के आसपास लोहे की जाली लगाने का कार्य किया जा चुका है। जिन स्थानों पर यह कार्य किया है, उनमें सिटी थाने के पीछे मुख्य मार्ग, सरकारी अस्पताल मुख्य द्वार के पास, मालवीयगंज, जमानी रोड और पुरानी इटारसी क्षेत्र शामिल हैं।

### सोनासांवरी रेलवे क्रासिंग पर बन रहे ओवर ब्रिज की मूल डिजाइन बदली तो लंबी दूरी, जाम और जलजमाव की आशंका

# एफओबी की तीसरी भुजा कटी, तो 18 गांवों का भविष्य संकट में

**करीब 40 करोड़ का सोनासांवरी ओवरब्रिज अब 18 गांवों के भविष्य को खतरे में डाल रहा है। तीसरी भुजा पर ताला लगा तो, ग्रामीणों को सिर्फ लंबा चक्कर ही नहीं, बल्कि मानसून में जलजमाव का दर्द भी झेलना पड़ेगा। यह ड्रीम प्रोजेक्ट अब अपनी तीसरी भुजा कटने के खतरे से जूझ रहा है। अगर न्यास बाईपास लिंक नहीं बना, तो ग्रामीणों मानसून में शहर से कटाव झेलना पड़ेगा।**

**जागरण, इटारसी।** करीब 40 करोड़ की लागत से बन रहे सोनासांवरी रेलवे ओवरब्रिज की तीसरी भुजा न्यास बाईपास लिंक पर जारी विवाद ने अब शहर और 18 आसपास के गावों के भविष्य की सुविधाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधानसभा में लोक निर्माण मंत्री द्वारा दुर्घटना की आशंका जताकर तीसरी भुजा को फिजिबिलिटी परीक्षण के नाम पर लटकाने से, स्थानीय जनप्रतिनिधि और रहवासी सशंकित हैं कि क्या यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट अपने मूल उद्देश्य को पूरा कर पाएगा या नहीं।

#### मूल डिजाइन बदलने का खेल



सोनासांवरी ओवरब्रिज का सर्वे जनवरी 2016 में किया गया था और उस वक्त इसकी लागत करीब 12 करोड़ थी। बाद में एसओआर बदलने और नए एस्टीमेट 22 करोड़ के साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार हुई। जनप्रतिनिधियों ने स्पष्ट आरोप लगाया है कि जब मूल डिजाइन के मुताबिक राशि मंजूर हुई थी, तो मिलीभगत से अधिकारियों ने डिजाइन बदली। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने इस पर सवाल उठाते हुए कहा कि मेनिट ने पहली डिजाइन में दुर्घटना की संभावना नहीं बताई थी, लेकिन बाद की डिजाइन में बताई गई, यह कन्फ्यूजन कतिपय लोगों के निहित स्वार्थों को दर्शाती है, जिन्होंने प्रोजेक्ट को डायवर्ट करने का प्रयास किया। मंत्री के जवाब के बाद अब गेंद पूरी तरह से राज्य सरकार और ब्रिज कॉर्पोरेशन के पाले में है कि वे कब फिजिबिलिटी परीक्षण को पूरा कर जनहित में तीसरी भुजा के निर्माण को हरी झंडी दिखाते हैं।

#### क्यों 'लाइफ लाइन' है तीसरी भुजा

मूल रूप से एक टी-आकार में डिजाइन किया यह 600 मीटर लंबा ओवरब्रिज, जिसका रेलवे अंश 72 मीटर लंबा बो-स्ट्रिंग गर्डर है, शहर को तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं से जोड़ने वाला था, खेड़ा पेट्रोल पंप, सोनासांवरी गांव, और न्यास कॉलोनी बाईपास।

#### तीसरी भुजा न बनने पर भविष्य की संभावित समस्याएं

**लंबा चक्कर और जाम :** मुख्य बाइपास से संपर्क कटने पर सोनासांवरी और 18 गांवों के लोगों को शहर में घुसकर अनावश्यक रूप से लंबा चक्कर लगाना पड़ेगा, जिससे शहर के भीतरी मार्गों पर भीड़ बढ़ेगी और ट्रैफिक जाम की समस्या जस की तस बनी रहेगी।

**जलजमाव की समस्या :** न्यास बाईपास लिंक के अभाव में, मानसून के दौरान जलजमाव की स्थिति में न्यास बाईपास तक पहुंचने का कोई सीधा और सुगम रास्ता नहीं बचेगा, जिससे ग्रामीणों की परेशानी कई गुना बढ़ जाएगी।

**मूल उद्देश्य से भटकाव :** ओवर ब्रिज बनाने का मुख्य उद्देश्य यही था कि यह क्षेत्र के यातायात को सुगम बनाएगा और राष्ट्रीय राजमार्ग से सीधे कनेक्टिविटी देगा। तीसरी भुजा कटने से यह प्रोजेक्ट मूल उद्देश्य से भटक जाएगा।

#### नागरिकों का कहना है...

ब्रिज की तीसरी भुजा जरूरी है, क्योंकि करीब डेढ़ दर्जन गांवों के हजारों लोगों को शहर में आने के लिए एक आसान रास्ता मिलेगा। अभी सूरजगंज रोड पर ट्रैफिक जाम से घंटों जूझना पड़ता है, इससे मुक्ति मिलेगी और बारिश में पुलिया पर से पानी निकलने से घंटों रास्ता बंद हो जाता है, इसका समाधान हो जाएगा।

**पुरुषोत्तम मोदी**, ग्रामीण

ब्रिज की तीसरी भुजा नहीं बनाने की घोषणा दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके बनने से सोनासांवरी, साकेत, बीसारोड़ा, बम्हनगांव, बाईखेड़ी, सांवलखेड़ा सहित दर्जनों गांवों के हजारों लोग शहर से सीधे बिना ट्रैफिक में परेशान हुए लाभान्वित हो सकते हैं। यह जरूरी है और इसे बनाया ही जाना चाहिए।

**घनश्याम पटेल**, सरपंच प्रतिनिधि

यह जनहित का मामला है और वे इसे मूल स्वरूप में ही बनवाकर रहेंगे। वह मंत्री के जवाब की गहन स्टडी करेंगे और इटारसी के साथ अन्याय नहीं होने देंगे। यह प्रोजेक्ट भविष्य में शहर की लाइफ लाइन सिद्ध होगा।

**दर्शन सिंह चौधरी**, सांसद

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि चूंकि मूल डिजाइन के आधार पर ही राशि मंजूर हुई थी, इसलिए इसे पूर्व की तरह ही बनवाया जाएगा।

**डॉ.सीतासरन शर्मा**, विधायक नर्मदापुरम

## जंगलों के रास्ते तस्करी पर गौसेवकों का एक्शन, 16 गौमाताओं को कराया मुक्त



**जागरण, इटारसी।** गौवंश तस्करी के बदलते तरीकों के बीच, गौसेवकों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। इटारसी के कांदई ग्राम के पास से अवैध रूप से गौवंश भरकर ले जाई जा रही दो पिकअप वाहनों को हिन्दू महाशक्ति संघ के जिला ग्रामीण अध्यक्ष भीम यादव और कांदई ग्राम सरपंच की मुस्तैदी से पकड़ा गया। इन वाहनों से करीब 15 से 16 गौमाताओं को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। मध्य प्रदेश सरकार ने गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए हाल ही में मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2024 लागू किया है, जिसे गौवंश संवर्धन और सुरक्षा कानून के नाम से भी जाना जाता है। गौ तस्करी करते पकड़े जाने वाले आरोपी के लिए 7 साल तक की कड़ी जेल की सजा का प्रावधान है। तस्करी में इस्तेमाल होने वाले वाहनों को भी राजसात (जब्त) करने का सख्त प्रावधान है।

#### रात के अंधेरे में भागे तस्कर

ग्रामीणों और गौसेवकों ने दोनों वाहनों - एमपी 05 जी 6194 और एमपी 04 जी 4009 को गांव में रोक लिया। इस दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर लगभग 6 से 7 गौ तस्कर भागने में सफल रहे। वाहनों में गौवंशों के लिए भूसा भी भरा था। रामपुर थाना प्रभारी विपिन पाल ने बताया कि अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि वाहन मालिक का पता लगाकर आरोपियों की जानकारी ली जाएगी और नए कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी साथी गौसेवक गुर्रा थाने पहुंचे, जहां गुर्रा थाना प्रभारी द्वारा आगे की जांच जारी है।

#### गौसेवकों की मुस्तैदी ने बदली तस्करी की राह

मुख्य सड़कों पर सख्ती बढ़ने के बाद गौवंश तस्करों ने गांवों और जंगल के रास्ते छिपकर तस्करी शुरू की है। इसी कारण गौरक्षक टीम और गांव के लोग इन रास्तों पर लगातार कड़ी नजर रखे हुए थे। हिन्दू महाशक्ति संघ की इस मुस्तैदी से ही यह बड़ी तस्करी पकड़ी जा सकी, जिसने साबित कर दिया कि तस्करी का रास्ता चाहे जो भी हो, गौसेवकों की चौकसी अब हर जगह बढ़ गई है।

### गुजरात शैक्षणिक भ्रमण दो मेधावी छात्रों का चयन

**जागरण, इटारसी।** शासकीय संदीपनि विद्यालय के दो मेधावी विद्यार्थियों को गुजरात राज्य में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तरीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए चुना गया है। यह गौरवपूर्ण यात्रा आईआरसीटीसी द्वारा आयोजित की जा रही है।

#### चयनित विद्यार्थी

शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पूरे प्रदेश से चयनित होने वाले इन विद्यार्थियों में कक्षा 11 वीं के आजाद यादव और प्रथा चौहान शामिल हैं। इन दोनों विद्यार्थियों ने विद्यालय के टॉपर के रूप में अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता साबित की है। यह शैक्षिक यात्रा गुजरात राज्य के विभिन्न ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं वैज्ञानिक स्थलों के भ्रमण के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है, जो छात्रों के ज्ञानवर्धन के लिए एक विशेष अवसर है। चयनित विद्यार्थी 9 दिसंबर को भारत गौरव स्पेशल ट्रेन से इस शैक्षणिक यात्रा के लिए रवाना होंगे। विद्यालय प्राचार्य एनपी चौधरी एवं उप-प्राचार्य उपेंद्र साहू सहित पूरे विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं।

## चाणक्य टूर्नामेंट की तारीखें तय अंडर-15 लेदर बॉल टूर्नामेंट भी होगा



**जागरण, इटारसी।** पत्रकार भवन में इटारसी क्रिकेट संघ की आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में आगामी दो बड़े क्रिकेट टूर्नामेंट की तारीखों को अंतिम रूप दे दिया है।

वरिष्ठ खिलाड़ियों और संघ के सदस्यों की सहमति से यह तय किया गया है कि चाणक्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक किया जाएगा। चूंकि जनवरी के पहले सप्ताह में गांधी ग्राउंड में अन्य टूर्नामेंट भी प्रस्तावित हैं, इसलिए चाणक्य टूर्नामेंट को इस समय सीमा में पूरा करने का निर्णय लिया गया है। युवा प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से अंडर-15 लेदर बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 17 जनवरी से 25 जनवरी के बीच किया जाएगा। यह टूर्नामेंट इटारसी में क्रिकेट के भविष्य को मजबूती देगा। अंडर-15 के सभी मैच एकलव्य इंटरनेशनल स्कूल मैदान में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में बाहर के शहरों से आने वाली टीमों के लिए इटारसी क्रिकेट संघ द्वारा एक तरफ का किराया और रुकने तथा खाने की सभी व्यवस्था की जाएगी। अभी तक इस टूर्नामेंट के लिए इंदौर, भोपाल, बैतूल, बानापुरा और नागपुर की टीमों ने अपनी सहमति दे दी है। बैठक में वरिष्ठ खिलाड़ी उमेश द्विवेदी, अनिल राठी, जितेंद्र ओझा, सुनील औरंगाबाद, कुल भूषण मिश्रा, अतुल राठौर, राकेश पांडेय, राजीव दुबे, अमित जायसवाल और संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी आदि शामिल थे।

### जिला पिकलबॉल एसो. अध्यक्ष बने जग्गी

**जागरण, इटारसी।** नर्मदापुरम जिले में पिकलबॉल खेल को बढ़ावा देने के लिए आज ग्रैंड एवेन्यू कॉलोनी स्थित पिकलबॉल कोर्ट में सर्वसम्मति से नर्मदापुरम पिकलबॉल एसोसिएशन का गठन किया। एसोसिएशन में खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

अध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह जग्गी, उपाध्यक्ष गोल्डी मौलासरिया, विपिन चांडक, विकास जुनेजा, अंशुल मिश्रा, सचिव अजय दवे, कोषाध्यक्ष वरुण चीजवानी, सह-सचिव हिमांशु सोनी, तरुण रायचंदानी बनाये गये। नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे सहित दिनेश गोठी, बीएस चौहान, राकेश दुबे, और अजय पांडे ने संरक्षक गण की जिम्मेदारी ग्रहण की। गठन के समय अंश दवे, राहुल, सजल गोठी, शुभांशी मौलासरिया, इष्टदीप सिंह, नवीन नवलानी, यशराज सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

### नर्मदा परिक्रमा दल रवाना

**जागरण, इटारसी।** वार्ड एक से 11 सदस्यों का धार्मिक दल शनिवार को पवित्र नर्मदा परिक्रमा यात्रा के लिए रवाना हुआ। यह यात्रा ट्रैक्टर स्कीम बजरंग मंदिर से बस द्वारा शुरू हुई। रवाना होने से पूर्व, वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी सहित स्थानीय रहवासियों ने दल के सदस्यों का स्वागत किया। दल के सदस्यों ने बजरंग मंदिर में पूजा-अर्चना कर हनुमान महाराज का आशीर्वाद लिया।

## स्टेशन के सामने नालियों से निकला चिप्स-गुटखा पाउचों का ढेर

**जागरण, इटारसी।** रेलवे स्टेशन के ठीक सामने दुकानों के सामने आज सुबह नगर पालिका के सफाई अभियान के दौरान जो दृश्य सामने आया, उसने दुकानदारों की नागरिक कर्तव्यों के प्रति घोर उदासीनता को उजागर कर दिया है। नालियों की सफाई के दौरान बड़े पैमाने पर चिप्स, कुरकुरे, गुटखा पाउच और पॉलिथीन का कचरा निकला, जिसे सीधे नालियों में फेंक दिया गया था।

सख्त हिदायत के बावजूद, सफाई टीम को मौके पर किसी भी दुकान के सामने डस्टबिन नहीं मिला। कई दुकानदारों ने नालियों पर सामान रखकर अतिक्रमण कर रखा था, जिससे कचरा



बाहर नहीं निकल पाता और नालियां पूरी तरह से जाम हो जाती हैं। कुछ साल पहले विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा हाथ जोड़कर किए गए अपील अभियान का असर भी खत्म हो चुका है, जिसके कारण बाजार की सफाई व्यवस्था चौपट है। सफाई व्यवस्था की बदहाली देखकर नगर पालिका सभापति राकेश जाधव ने खुद स्वच्छता दल के साथ स्टेशन रोड क्षेत्र का निरीक्षण किया। गंदगी देखकर उन्होंने तत्काल वार्ड जमादार को हटाने के निर्देश दिए। जाधव ने दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि, स्टेशन रोड हमारे शहर का मुख्य मार्ग है। यहां किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी दुकानदार अपनी दुकान पर डस्टबिन रखें और कचरा सड़क पर न फेंके। सभापति के सामने ही नालियों से बड़ी मात्रा में कचरा निकाला गया, जिससे पता चलता है कि यह लापरवाही वर्षों से चल रही थी। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता प्रभारी स्वदेश मोहरिया व अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### यदुवंशम सेना ने गोल्डन गर्ल दुर्गा का किया स्वागत

**जागरण, इटारसी।** ब्लाइंड टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर लौटीं बैतूल जिले के ग्राम राक्शी की बेटी कुमारी दुर्गा यादव का भोपाल से लेकर बैतूल तक जोरदार स्वागत हुआ। दुर्गा यादव ने फाइनल खेलकर देश को गौरव दिलाया है। वापसी पर, केसला ब्लॉक के श्रीराधे कृष्णा मंदिर डांडीवाड़ा में राष्ट्रीय यदुवंशम् सेना द्वारा उनका भव्य अभिनंदन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन यादव ने साथियों के साथ मिलकर दुर्गा यादव का स्वागत किया। इस अवसर पर नारायण यादव, संतोष यादव, कर्मवीर यादव और अन्य दर्जनों संगठन के साथी उपस्थित रहे।

## सेंट माइकल क्लब की 8 विकेट से धमाकेदार जीत

**जागरण, इटारसी।** न्यू यार्ड रेलवे स्कूल ग्राउंड पर शनिवार को खेले गए अंडर-15 लेदर बॉल क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले में सेंट माइकल क्रिकेट क्लब भोपाल ने कैडबरी क्रिकेट क्लब इटारसी को 8 विकेट से करारी शिकस्त दी। सेंट माइकल के बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने शानदार तालमेल दिखाते हुए यह एकतरफा जीत दर्ज की।

टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कैडबरी की टीम 18 ओवरों में संघर्ष करती दिखी और मात्र 4 विकेट खोकर 93 रन ही बना सकी। कैडबरी की ओर से विहान बारसे ने नाबाद 16 रन, ऋषि ने 16 रन और विवान ने 16 रन बनाए, लेकिन वे रन गति को तेज करने में विफल रहे। सेंट माइकल के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी का बेहतरीन प्रदर्शन किया। समी ने किफायती गेंदबाजी करते हुए मात्र 9 रन देकर 2 विकेट झटके, जबकि अदीब ने भी 15 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट हासिल किए, जिससे विपक्षी टीम बड़ा स्कोर खड़ा नहीं कर सकी।

#### प्रणीत की तूफानी पारी

जीत के लिए मिले 94 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट माइकल की टीम ने आक्रामक रुख अपनाया। टीम के स्टार बल्लेबाज प्रणीत ने मैच जिताऊ पारी खेलते हुए महज 39 गेंदों में नाबाद 51 रन ठोके। उनका साथ देते हुए रिहान ने भी 28 गेंदों में 29 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इन दोनों की पारियों की बदौलत सेंट माइकल ने सिर्फ 12.3 ओवर में ही 2 विकेट खोकर 95 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज कर ली। कैडबरी की तरफ से गेंदबाज शशांक सांगुल्ले ने 28 रन देकर 2 विकेट लिए, लेकिन वे टीम को हार से नहीं बचा सके।

## राज्यसभा सांसद आज करेंगी निरीक्षण

**जागरण, इटारसी।** होटल द पार्क के सामने स्थित रेलवे ओवरब्रिज की खराब स्थिति को देखते हुए, रविवार 7 दिसंबर को राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया द्वारा इसका निरीक्षण किया जाएगा। यह निरीक्षण प्रातः 10:30 बजे शुरू होगा।

इस दौरान रेलवे के संबंधित विभागों, जिनमें मुख्य रूप से इंजीनियरिंग विभाग शामिल है, के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहेंगे। ये अधिकारी सांसद को ब्रिज के निर्माण की तकनीकी जानकारी और वर्तमान स्थिति का आवश्यक विवरण प्रदान करेंगे। स्थानीय नागरिक लंबे समय से इस ब्रिज के पुनर्निर्माण का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि यह ब्रिज बनने के तुरंत बाद ही क्षतिग्रस्त एवं गड्ढों में तब्दील हो गया था। इस कारण से यातायात में भारी असुविधा हो रही है। निरीक्षण के दौरान, सांसद नारोलिया ब्रिज की मौजूदा व्यवस्थाओं का बारीकी से मूल्यांकन करेंगी और रेलवे अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की संभावना है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यदि यह ब्रिज जल्द ही पूर्ण रूप से चालू हो जाता है, तो यातायात व्यवस्था में बड़ा सुधार होगा और रोज आवाजाही करने वालों को बड़ी राहत मिलेगी।

**श्रद्धांजलि** | संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर के अतुलनीय योगदान को किया स्मरण

# अंबेडकर को महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित



**जागरण, इटारसी।** संविधान निर्माता, भारत रत्न, बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर आज गांधीनगर स्थित महादलित परिसंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा जिला महामंत्री मुकेशचंद्र मैना के निवास पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वार्ड विकास समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बाबासाहेब के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

इस अवसर पर उनके ऐतिहासिक और अतुलनीय योगदानों का स्मरण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बाबासाहेब का संपूर्ण जीवन देश के शोषित, वंचित, पिछड़े एवं सभी वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष और सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रेरणास्रोत रहा है। कार्यक्रम में विशेष रूप से उनके निम्नलिखित कार्यों और मूल्यों पर प्रकाश डाला। शिक्षा, विशेषकर महिला शिक्षा के प्रसार और उनके उत्थान के लिए किए गए महत्वपूर्ण कार्य, सामाजिक न्याय, समरसता और समानता के सिद्धांत, देश के संविधान निर्माण में उनका अमूल्य योगदान को याद किया। सभा में मुकेशचंद्र मैना, राजकुमार दुबे, देवेंद्र पटेल, राकेश जाधव, सुनील दुबे, रोहित अहिरवार, संदीप सोनकर, भाजपा नगर महामंत्री शैलेन्द्र दुबे, संतोष चुटिले, सतीश पटेल एवं अन्य सामाजिक सदस्य उपस्थित रहे।

#### संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की पुण्यतिथि को जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम द्वारा आज जय स्तंभ चौक पर महापरिनिर्वाण दिवस जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडेय ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रवक्ता अनिल रैकवार, युवा कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, सभी प्रकोष्ठों के सदस्य, पार्षद और वरिष्ठ कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों मरीजों की जांच

**जागरण, इटारसी।** शहर के नगर पालिका परिषद के वार्ड सोलह के पार्षद अमित कापरे ने भोपाल के सागर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से वार्ड वासियों के लिए स्थानीय सरला मंगल भवन में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इस शिविर में एक सैकड़ा से अधिक वार्डवासियों ने स्वास्थ जांच करवाई। वहीं शिविर में डॉ शुभांजली जोशी एमबीबीएस एमडी इंटरनल मेडिसिन एवं डॉक्टर महेश शर्मा एमबीबीएस एमडी कार्डियोलॉजी ने अपनी सेवाएं दी।

शिविर में विशेष कर बुजुर्गों एवं महिलाओं ने अपनी अधिक रुचि दिखाई। यहां करीब तेरह मरीजों की ई सी जी की गई। ब्लड प्रेशर, शुगर, सर्दी, जुकाम, खांसी एवं हृदय से संबंधित रोगों की जांच की जाकर मरीजों को दवाईयों के पर्चे दिए गए एवं खासकर बुजुर्गों को सर्दी के मौसम में एहतियात बरतने की सलाह दी गई। पार्षद अमित कापरे ने आभार व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट में त्रुटिवश मेरा नाम MOHAMMAD AKRAM S/o SABIR HUSSAIN अंकित है। जबकि मेरा सही नाम MO AKRAM S/o SABIR HUSSAIN है। अतः मुझे इसी नाम से जाना, पहचाना, बोला व पढ़ा जावे।

भवदीय-
MO AKRAM
S/o SABIR HUSSAIN
WARD NO. 26 GURUNANAK
SCHOOL KE PAS PUNJABI
MOHALLA, ITARSI-461111

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विवाह से पूर्व मेरे समस्त दस्तावेज में मेरा नाम कंचन कुमारी पिता श्री रामदेव साह निवासी ग्राम रोसड़ा, जिला समस्तीपुर (बिहार) दर्ज है। मेरी शादी श्री दीपक कुमार पिता स्व. श्री लक्ष्मी साह से होने के बाद मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरे नाम को श्रीमती कंचन गुप्ता पत्नी श्री दीपक कुमार पढ़ा एवं लिखा जावे तथा सरनेम कुमारी के स्थान पर गुप्ता लिखा एवं पढ़ा जावे।

भवदीय : **श्रीमती कंचन गुप्ता पत्नी श्री दीपक कुमार**
म.नं. 86, वार्ड नं. 33, वैंकटेश नगर बारह बंगला इटारसी, तहसील इटारसी, जिला नर्मदापुरम(म.प्र.)

# जिले में 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूर्ण

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने बताया कि शुक्रवार 5 दिसम्बर की दोपहर 2 बजे तक जिले की सभी चारों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण ;एसआईआरद्ध का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिले के 8 लाख 69 हजार 587 मतदाताओं के गणना पत्रकों का डिजिटाईजेशन का पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 118. गोटेगांव के अंतर्गत 2 लाख 21 हजार 19 मतदाताओंए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119. नरसिंहपुर के अंतर्गत 2 लाख 36 हजार 932 मतदाताओंए विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 120. तेंदूखेड़ा के अंतर्गत एक लाख 92 हजार 992 मतदाताओं और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 121. गाडरवारा के अंतर्गत 2 लाख 18 हजार 644 मतदाताओं के गणना पत्रकों के डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस कार्य में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गोटेगांव में 258 बीएलओए नरसिंहपुर में 262 बीएलओए तेंदूखेड़ा में 226 बीएलओ और गाडरवारा में 231 बीएलओ नियुक्त किए गए थे। बीएलओ की सहायता के लिए नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका कार्यालय का स्टाफवार्ड प्रभारी पटवारी ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत सचिवए ग्राम रोजगार सहायक पटवारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका शिक्षक ग्राम कोटवार आदि नियुक्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त ऑनलाइन डाटा एंट्री ऑपरेटर्स भी नियुक्त किए गए थे।

## नाम सुधार सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा पॉलिसी क्रमांक 20831589 ली गई थी जिसमे त्रुटीबश मेरा नाम सतीश सिंह व पिता का नाम बहादुर हो गया है । अत मेरे समस्त दस्तावेजो पॉलिसी आधार कार्ड पेन कार्ड समग्र आई डी बैंक पासबुक एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम सतीश पटेल एवं पिता का नाम बहादुर सिंह दर्ज है

अत आज से उक्त पॉलिसी मै मेरा सही नाम जो समस्त दस्तावेजों में दर्ज है सतीश पटेल एवं पिता बहादुर सिंह के नाम से मुझे जाना व पहचाना व लिखा व पढ़ा जावे । सतीश

दिनान्क 06.12.2025 पुराना नाम सतीश सिंह, .पिता- बहादुर

**सही नाम सतीश पटेल**
**पिता - बहादुर सिंह**

## न्यूज कार्नर

### नीर यादव का राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में चयन



**जागरण मुंगावली।** तिवारी क्रिकेट अकादमी के होनहार खिलाड़ी नीर यादव पुत्र यादवेंद्र यादव का चयन एम एम जगदाले ट्रॉफी में ग्वालियर संभाग की टीम में चयन हो गया है एक बहुत उपलब्धि है बता दे की नीर यादव ने बड़े ही मेहनत और परिश्रम से इस मुकाम पर जगह बनाई है वहीं तिवारी क्रिकेट अकादमी के कोच ऋषि तिवारी ने बताया कि नीर यादव ने शानदार खेल के प्रदर्शन कर अभी हाल ही में आयोजित जीडीसीई प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपना चयन एम एम जगदाले ट्रॉफी में कराया है जो आने वाले टाइम में जबलपुर में आयोजित की जाएगी वहीं नीर की इस उपलब्धि पर अशोकनगर डिस्ट्रिक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जजपाल सिंह जज्जी, मुंगावली ब्लाक एसोसिएशन के अध्यक्ष अर्जुन सिंह यादव, जिला सचिव अरुण रघुवंशी एवं समस्त खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

### 10 लीटर शराब जब्त

**अशोकनगर।** चंदेरी पुलिस ने एक 18 वर्षीय युवक से 10 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की है। चंदेरी पुलिस ने बताया है कि प्रदीप पुत्र मुकेश वाल्मीकि निवासी मातामढ़ मोहल्ला चंदेरी-पिछोर रोड़ पर पेड़ के नीचे कच्ची शराब लिए मिला था पुलिस ने उससे शराब जप्त कर ली है। जप्त शराब की कीमत करीब 1500 रुपये है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। वहीं कचनार पुलिस ने भी चूरम पारदी निवासी माधौगढ़ से 10 लीटर कच्ची शराब जप्त की है। आरोपी अशोकनगर विदिशा रोड पर सावन के रास्ते पर शराब लिए मिला था।

**प्रख्यात कथावाचक मोरारी बापू ने ओशो लीला आश्रम,पुस्तकालय एवं आदर्श स्कूल में ओशो कक्ष देखा**

# ओशो शांति का प्रतीक हैं उनके सन्यासी का जीवन आध्यात्मिकता के साथ आनंद से भरा रहता है: मोरारी बापू

**जागरण गाडरवारा ।** स्थानीय ओशो लीला आश्रम में प्रख्यात राम कथा वाचक मोरारी बापू का आगमन हुआ उन्होंने आश्रम में ओशो से जुड़ी हुई यादों को साँझा किया । मृत्यु संबोधि स्थल पर कुछ देर बैठकर ओशो का स्मरण करते हुए संचालक से बाल अवस्था में घटित प्रथम संबोधि की जानकारी लेकर ओशो के बारे विस्तार से चर्चा करते कहा कि ओशो शांति का प्रतीक है उनके सन्यासी आध्यात्मिकता के साथ आनंद में रहते है उनका जीवन आनंद से भरा रहता है यही ओशो का संदेश है । मोरारी बापू कथा वाचक और रामचरितमानस के विद्वान हैं। वे सत्य प्रेम और करुणा के मूल संदेश के साथ भारत और विश्वभर में राम कथा का प्रचार करते हैं। जबलपुर में आयोजित होने वाली राम कथा के पूर्व मोरारी बापू ओशो की नगरी गाडरवारा में पधारे । धर्म प्रेमी जनता ने उनके दर्शन कर पुण्य लाभ लिया । ओशो लीला आश्रम के संचालक राजीव जैन ने संत मोरारी बापू का साल श्री फल से सम्मान कर ओशो की पुस्तक भेंट की। इसके पश्चात उन्होंने ने प्रभु निवास में उस कक्ष का अवलोकन किया जहा ओशो ने अध्ययन किया था ।

### ओशो हस्ताक्षर वाली पुस्तकों को देखा

श्री सार्वजनिक पुस्तकालय में प्रख्यात राम कथा वाचक मुरारी बापू का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने रजनीश चंद्र मोहन जैन ओशो हस्ताक्षर वाली पुस्तको ओशो को पुस्तक जारी करने रजिस्टर महात्मा गांधी तथा पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा निकल गए अखबार का अवलोकन भी किया। श्री सार्वजनिक पुस्तकालय न्यास के अध्यक्ष अनिल गुप्ता ने मुरारी बापू को पुस्तकालय का ओशो से संबंध के बारे में बताया कि पुस्तकालय में ओशो द्वारा हस्ताक्षर 251 पुस्तक दान दी गई थी। जहां उन्हें संजो कर रखा गया है।

इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव द्वारा लिखित पुस्तक सरयू के तट का विमोचन भी किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा पूर्व विधायक साधना स्थापक पुस्तकालय न्यास के संरक्षक डॉ सुनील शर्मा कोषाध्यक्ष आलोक अग्रवाल शरद खजांची आयुष कठल आईसेक्ट के जिला प्रबंधक कमल साहू राजीव जैन कमल ठाकुर पवन अग्रवाल अब्दुल फिरोज खान राजेश नीरस अशोक राजपूत कपिल साहू अजय सोनी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



### आदर्श स्कूल भी पहुंचे मोरारी बापू

आदर्श स्कूल जहा ओशो ने अध्ययन किया वही ओशो के नाम के कक्ष निर्मित है उसका भी अवलोकन किया स्कूल प्रबंधन ने पुष्प माला भेंट करते हुए राम कथा वाचक मोरारी बापू से आशीर्वाद लिया ।

### श्री कृष्ण कुटी पहुंचे बापू

शांति नगर स्थित फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा के निवास श्री कृष्ण कुटी में राम कथा वाचक मुरारी बापू के स्वागत एवं दर्शन के लिए सैकड़ो लोग पहुंचे । श्री कृष्ण कुटी के पूजा कक्ष मे परम पूज्य पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दा जी का भी बापू ने स्मरण किया । इस मौके पर उन्होंने कहा कि ओशो की धरा में आनंद ही आनंद है यह क्षेत्र आध्यात्मिकता से जुड़ा हुआ है । श्री कृष्ण कुटी में उपस्थित धर्म प्रेमी जनों ने पुष्प वर्षा के साथ मोरारी बापू का अभूतपूर्व स्वागत सत्कार सम्मान किया । फिल्म अभिनेता साहित्यकार आशुतोष राणा के भ्राता श्याम राजू नीखरा ने साल श्री फल पुष्प माला से सम्मान कर आशीर्वाद लेकर स्मृति चिन्ह भेंट किया । इस मौके पर पूर्व विधायक साधना स्थापकए नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा घनश्याम राजपूत नवनीत चाचा रविशेखर जायसवालए मिनेन्द्र डागा चंद्रकांत शर्मा आदेश जैन संजय मानसाता संजय राजोरिया सहित शक्कर के दाने परिवार के सैकड़ो सदस्य उपस्थित रहे । मोरारी बापू के सानिध्य में साहित्यकार सुशील शर्मा की पुस्तक का विमोचन किया गया ।

# अर्धवार्षिक परीक्षा में हो विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति : बीआरसी



**जागरण गाडरवारा।** चीचली विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी चीचली डी के पटैल ने आगामी 8 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली सभी प्राथमिकए माध्यमिक एकीकृत शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालनए मेंटरिंगए बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना ए एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्यए खाद्यान्न उठाव ड्रॉप बॉक्स पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग जिज्ञासु किट उपयोगिता निर्माण कार्य इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित बीएसी अरुण दुबे एवं एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थितिए शाला संचालन में मुस्कान एप कंटेंट से संबंधित संवादए अध्यापन में टीएलएम का उपयोग ड्रॉपबॉक्स प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर शिक्षक स्टूडेंट शाला प्रोफाइल कार्य संबंधी चर्चा की।

उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने गत सितंबर में आयोजित असाक्षरों की परीक्षा परिणाम की पोर्टल एंट्री में त्रुटि पूर्ण एंट्री के सुधार संबंधित विस्तृत सुझाव आगामी 15 दिसंबर तक ग्राम वार्ड बसाहटों के असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे सामाजिक चेतना के संचालनए आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था अक्षर साथी चिन्हांकन मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात की। इस बैठक मे अरुण दुबे दीपक श्रीवास्तव खुशबू ब्रिजपुरिया अनूप पालीवाल प्रमोद साहू सत्यम ताम्रकार अजय नामदेव संजय सोनी हरिओम स्थापक हेमंत पटैल ललित पाराशर हेमंत पटैल हरीश गुप्ता नरेश मेहरा देवकरण रजक वीरेंद्र रघुवंशी संजय सिंह राजपूत अजेश कुमरे मनमोहन साहू अभिषेक पाराशर कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थिति रही।

# जिले में 1807 क्विंटल धान उपार्जित

**जागरण नरसिंहपुर।** जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने बताया कि खरीफ उपार्जन वर्ष 2025.26 अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए जिले में 45 खरीदी केंद्र बनाये गये हैं। ये सभी खरीदी केंद्र गोदाम स्तरीय बनाये गये हैंए जिससे किसानों से गोदाम में ही त्वरित खरीदी का कार्य एवं भंडारण और विक्रय उपज का त्वरित भुगतान किया जा रहा है।

सभी खरीदी केंद्रों में उपार्जन से संबंधित खरीदी केंद्र प्रभारी कंप्यूटर ऑपरेटर सर्वेयर आदि कर्मचारियों की व्यवस्था की जा चुकी है। सभी खरीदी केंद्रों में बारदाने उपलब्ध करा दिये गये हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में शुक्रवार 5 दिसम्बर तक करीब 3 हजार 293 किसानों द्वारा धान विक्रय के लिए स्लॉट बुकिंग करा ली गई है और 1807 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। धान उपार्जन का कार्य 20 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। सभी पंजीकृत किसानों से अपील की गई है कि वे अपनी सहूलियत अनुसार खरीदी केंद्र में धान विक्रय हेतु स्टॉल बुकिंग कराएं।

# बाल विवाह अधिनियम एवं लैंगिक अपराध अधिनियम की दी जानकारी

**जागरण गाड़रवारा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गाडरवारा में शुक्रवार को बेटी बचाओ. बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत एवं मिशन वात्सल्य योजना अंतर्गत पॉक्सो एक्ट पर प्रशिक्षण संपन्न हुआ। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शिवकुमार रैकवार ने सभी को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई।बाल कल्याण समिति के सदस्य श्री राजेन्द्र राजपूत ने पॉक्सो एक्ट तहत पीड़ित को मिलने वाली सहायता के बारे में बताया। बाल संरक्षण अधिकारी सौनिध्य सराठे ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय अभियान की जानकारी दी गई। उन्होंने बाल विवाह के लिए निर्धारित आयु एवं कानून के उल्लंघन के फलस्वरूप दण्ड के प्रावधानों से अवगत कराया। बालिका की आयु 18 वर्ष और बालक की आयु 21 वर्ष से कम हैए तो यह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। उन्होंने पॉक्सो एक्ट के प्रावधान के बारे में भी बताया। अम्रताष दुबे ने बालकए बालिकाओं और महिलाओं की सहायता के लिए संचालित हेल्प लाइन नम्बर 112, 1098, 1090 और वन स्टॉप सेंटर की जानकारी दी।



# पीडब्ल्यूडी की सड़क पर वन विभाग का अड़ंगा

**दस साल में नहीं मिली स्वीकृति, ठेकेदार काम छोड़कर भागा- वनभूमि में 3 किमी पर नहीं हुआ निर्माण**

### अशोकनगर से पिपरई होते हुए काछी बरखेड़ा तक केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत हुई थी सड़क

**जागरण अशोकनगर।**

वन विभाग द्वारा चौड़ाई बढ़ाने की स्वीकृति न मिलने पर बहादुरपुर के ग्राम बंधी से ग्राम जारोली बुजुर्ग तक एक सड़क का 3 किलोमीटर का हिस्सा अधूरा है। यहां पहले 3.5 मीटर चौड़ाई की डामर सड़क थीए नवीन निर्माण के तहत इसकी चौड़ाई बढ़ाकर 7 मीटर कर दी गई, जिसे वन विभाग ने स्वीकृत नहीं किया।

दस वर्ष तक इसी पुरानी सड़क पर भारी वाहन दौड़ते रहे जिससे पुरानी सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और नई सड़क नहीं बनी। अब सड़क के नाम पर यहां केवल धूल और पत्थरों से भरा एक रास्ता बचा है। जो इमला घाटी पर बरसाती पानी के बहाव से दोनों ओर कटाव का शिकार हो चुका है। यहां बीते दो तीन वर्षों में दो



लोगों की मौत ट्रैक्टर पलटने से हो चुकी। कई मोटर साइकिल सवार घाटी से उतरते वक्त अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। तीन किलोमीटर के उखड़े हिस्से के कारण जारोली बुजुर्ग और काछी बरखेड़ा के ग्रामीण तक पिपरई जाने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं करते। क्षेत्र से पिपरई जाने के लिए पहले मुंगावली जाना पड़ता है,जिससे दूरी बढ़कर 35 किलोमीटर हो जाती है, जबकि काछी बरखेड़ा से पिपरई तक यह सड़क केवल 15 किलोमीटर लंबाई की है। इस तरह से सड़क अधूरी होने के कारण ग्रामीणों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ता है।

**मध्य प्रदेश में दूसरे नंबर पर मिली थी स्वीकृति:** केंद्रीय सड़क निधि से प्रदेश भर में दूसरे नंबर पर जिस सड़क को सन 2015 में स्वीकृति मिली थीए वह सड़क आज दस साल बाद भी अधूरी है। वजह है लोक निर्माण विभाग और वन विभाग में आपसी समन्वय न होना। 44.88 किलोमीटर लंबाई की अशोकनगर के राजमाता चौराहा से शुरू होकर पिपरई होते हुए मुंगावली के काछी बरखेड़ा में इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 346ए से जोड़ा जाना था। इस सड़क का निर्माण जयपुर की श्री कृष्णा कंट्रक्शन कंपनी ने शुरू किया। निर्माण लागत थी 82.49 करोड़, किंतु तमाम तरह के अड़ंगे लगने के कारण निर्माण में देरी हुई और जीएसटी बिल आ गया। इसलिए कंपनी को निर्माण कार्य छोड़ने तक करीब 12 करोड़ रूपये बतौर जीएसटी के चुकाने पड़े। कंपनी निर्माण कार्य छोड़कर भी चली गई लेकिन निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण उसे केवल 70 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। इस तरह इस सड़क के निर्माण में कंपनी को करीब 24 करोड़ रुपए का घाटा भी हुआ है।

**इनका कहना है...**

ठेकेदार काम छोड़कर चला गया है। अब यदि वन विभाग से स्वीकृति भी मिली तो नया टेंडर होगा। इसके बाद सड़क बनाई जा सकेगी। हम ज्यादा हस्तक्षेप नहीं कर सकते।

**-पीके झा,कार्यपालय यंत्री, लोक निर्माण विभाग अशोकनगर**

अभी वह सड़क स्वीकृति के लिए राज्य स्तर से लंबित है। जिले का वन विभाग सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकृति का प्रयास कर रहा है। सड़क जहां से गुजरी है, वहां वन्यजीवों का विचरण क्षेत्र है, इसलिए स्वीकृति में देरी हुई है।

**-ऋषि प्रजापति, वन परिक्षेत्राधिकारी, मुंगावली**

# पटवारी से मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### एसपी ने किया था 1 हजार का ईनाम घोषित मामला टीला गांव का

**जागरण अशोकनगर।**

मुंगावली थाना क्षेत्र के गांव टीला में एसआईआर का काम करने के लिए पहुंचे पटवारी के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर ली है। आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा एक हजार के ईनाम घोषित किया गया था।

उल्लेखनीय है कि बीती 24 नवंबर को थाना मुंगावली अंतर्गत हल्का पटवारी ईश्वरचंद पुत्र नरेश जाटव उम्र 30 वर्ष निवासी सबलगढ़ जिला मुरैना हाल निवासी पालीवाल कॉलोनी मुंगावली द्वारा थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि वह ग्राम टीला में एसआईआर का शासकीय कार्य संपादित कर रहा थे तभी अचानक ग्राम टीला निवासी भानु प्रताप पुत्र अमोल सिंह यादव मौके पर आया और फरियादी को जातिसूचक शब्दों द्वारा अपमानित करते हुए उसके साथ गाली-गलौंच और मारपीट कर शासकीय कार्य में बाधा पहुँचाई। पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर थाना मुंगावली में अपराध क्रमांक 434/25 धारा 132, 121(1) 296, 351 (3) बीएनएस एवं धारा 3(1)(द), 3(1)(ध), 3(2) (व्हीए) एससी एसटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

पटवारी को प्राथमिक उपचार हेतु चिकित्सालय भेजा गया जहाँ एक्स-रे परीक्षण में दाहिना कंधा डिस्लोकेट पाया गया। इस आधार पर प्रकरण में धारा 117(2) एवं 121(2) बीएनएस का इजाफा किया गया। घटना के बाद से आरोपी भानु प्रताप फरार था। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई और परिजनों से पूछताछ की गई तथा सायबर सेल की मदद भी ली गई। आरोपी की संपत्तियों की जानकारी जुटाकर आगामी कुर्की करने की कार्यवाही हेतु तहसील से अभिलेख प्राप्त किए गए। लगातार प्रयास करने के बाद 5 दिसंबर को पुलिस टीम द्वारा आरोपी भानूप्रताप यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल अशोकनगर दाखिल किया गया है।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** उपरोक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान, थाना प्रभारी मुंगावली उनि जोगेन्द्र सिंह यादव, उनि सुमरन कुड़ापे, सउनि अनिल सहरिया, सउनि माईकल अमरजीत, सउनि, अभिजीत सिंह सायबर सेल, प्रआर राजेन्द्र बघेल, प्रआर अरविन्द मौर्य, आर पवन मीना, आर रविकांत शर्मा और आरक्षक रोशन कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

# सनातन धर्म रक्षक संत सम्मेलन आज

**जागरण अशोकनगर।** धर्म रक्षक समिति जिला अशोकनगर द्वारा आज दोपहर 12:30 से 4 तक स्थानीय सरस्वती विद्यालय आरोन रोड पठार पर संत अर्चक पुरोहितों का धर्म रक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख डॉक्टर दीपक मिश्रा ने बताया कि हम सभी जानते है कि शास्त्र का वाक्य है ष्धर्म रक्षति रक्षितः अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। मठ, मंदिर, आश्रम, जिनालय, गुरुद्वारा, बौद्धमठ इन सब की स्थापना का उद्देश्य धर्म पर हो रहे आक्रमण का प्रतिकार और धर्मरक्षा ही था जो की संतो ने किया। वर्तमान परिस्थिति अलग नही है, जबकि अब आक्रमण अत्याधुनिक विधि से और घ्रणित तरीके से हो रहा है। धर्म जग रहा है, कथा सत्संग हो रहे है, फिर भी धर्मग्रंथों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, मंदिर मठो पर हमले हो रहे है। उन्होंने कहा कि झांकी लग रही है दुर्गा गणेश की पर मूर्ति भंजक आक्रमण कर रहे है। धार्मिक चल समारोह पर हमला हो रहा है। स्थान स्थान पर संतो पर प्राणघातक हमले हो रहे है। संत समाज की धुरी हैं एधर्म ध्वज वाहक है। धर्म जागरण कर्ता है। प्रेरक है पूजक है पूज्य है। जिससे मातृशक्ति का सम्मान बचे, आतंक मिटे, मंदिर, मठ, आश्रम सुरक्षित रहे। धर्म, संस्कार, संस्कृति, परम्परा पर्वत ही नही पर्यावरण बचे इस निमित्त एवं धर्म मूलरूप में आगे की पीढियों तक सुरक्षित पहुचे भारत धर्ममय, धर्मप्राण बने ये हमारा कर्तव्य एवं दायित्व है।

# बाबा साहब का संविधान देश का शक्तिशाली दस्तावेज : विधायक

### सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनों ने किए श्रृद्धा सुमन अर्पित



**जागरण अशोकनगर।**

शनिवार को भारत रत्न डॉ. बीआर अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिलेवासियों ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। विभिन्न सामाजिक और राजनैतिक संगठनों ने उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। विधायक इंजी. हरिबाबू राय सहित जिला मुख्यालय पर पुराने बस स्टैंड पर स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचें और विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक समानता, न्याय, अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली और जीवंत दस्तावेज है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया।

# 37 यूनिट किया रक्तदान




**जागरण अशोकनगर।** शनिवार को लायंस क्लब बेस्ट एवं एपीएस एकेडमी के तत्वाधान में स्कूल में एक ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर धर्मेंद्र रघुवंशी एवं ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर संदीप जैन द्वारा किया गया। कैंप में वार्ड क्रमांक 3 से पार्षद हेमलता रघुवंशी द्वारा 16वां रक्तदान, महेंद्र रघुवंशी द्वारा 25 वां रक्तदान, सोनू रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, वीरेंद्र कुमार, निधि गहलोत, सरोज शर्मा, सत्येंद्र रघुवंशी, प्रवीण रघुवंशी, रघुराज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, संदीप रघुवंशी, अमर सचिन कीर्ति यादव, अनिल सिंह, वैभवी जैन, राखी गुप्ता, कैलाश कुशवाह, आर्यन, देवेंद्र सिंह, रश्मि रघुवंशी, शीला रघुवंशी, अंकित नेहा छाबड़ा, मान्या सेन, प्राचार्य प्रिंस सोनी ने ब्लड डोनेशन किया गया। स्कूल द्वारा सभी रक्तदाताओं का फूल-माला पहनकर एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मान किया गया। कैंप में एचडीएफसी बैंक का भी सहयोग रहा। रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ।

## न्यूज कार्नर

### निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैंपल लिये



**जागरण, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग के दल ने शनिवार को खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के सैम्पल लिये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कांबले ने बताया कि इस दौरान गुप्ता ट्रेडर्स खिरकिया से सन स्वीट सोया तेल का सैंपल लिया गया। इसी प्रकार शुक्रवार को हरदा में श्रीकृष्णा होटल फास्ट फूड नेहरू स्टेडियम के पास से यूज्ड कुकिंग आयल सोया तेल का सैंपल जांच हेतु लिया गया। सैम्पल जांच के लिये खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा जायेगा। श्री कांबले ने बताया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### युवती से किया रेप आरोपी पर केस दर्ज

**जागरण, हरदा।** जिले के हंडिया थाना क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती ने रेप का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने शुक्रवार रात को पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 69 के तहत प्रकरण दर्ज किया। युवती ने अपने घर के सामने रहने वाले एक युवक पर रेप का आरोप लगाया है। एएसपी अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि यह घटना 2 दिसंबर को हुई थी, जब वह अपने घर के बाहर खड़ी थी, तब आरोपी महेश ने उसे शादी का झांसा दिया। आरोपी उसे घर के अंदर ले गया और उसकी मर्जी के बिना रेप किया। युवती ने तुरंत अपनी मां को इस घटना के बारे में बताया। हालांकि अगले दिन बड़ी बहन का सीजर ऑपरेशन होने के कारण वह तुरंत थाने नहीं जा सकी। बाद में युवती ने अपनी मां के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। एएसपी मिश्रा ने बताया कि आरोपी युवक की तलाश के लिए एक टीम भेजी गई है। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### राज्य शिक्षक संघ आज सौंपेगा ज्ञापन

**जागरण, हरदा।** राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश यादव के निर्देशन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में लिए निर्णय अनुसार प्रदेश के समस्त ब्लॉक मुख्यालय पर 7 दिसंबर रविवार को प्रमुख मांग प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता एवं ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को समाप्त करने सहित अन्य मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया जाएगा। संघ के जिला अध्यक्ष रामनिवास जाट ने बताया कि हरदा जिले में हरदा खिरकिया व टिमरनी ब्लॉक मुख्यालय पर ज्ञापन में जिले के सभी शिक्षकों को अपने-अपने ब्लॉक में उपस्थित होने की अपील हरदा तहसील अध्यक्ष सुभाष भाटी, हंडिया तहसील अध्यक्ष नेमीचंद बिश्नोई, खिरकिया तहसील अध्यक्ष मंगेश राजवैद्य, सिराली तहसील अध्यक्ष प्रेमनारायण राठौर, टिमरनी तहसील अध्यक्ष अब्बास शाह, रहटगांव तहसील अध्यक्ष शिवनारायण गौर, जिला संयोजक बसंत शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल शुक्ला, संभागीय कोषाध्यक्ष रामकृष्ण गौर सहित समस्त पदाधिकारी ने की है।

### ओलम्पियाड की परीक्षा आज

**जागरण, हरदा।** प्रदेश में ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने गणित एवं विज्ञान विषय में कक्षा 9वीं एवं 10वीं में ओलम्पियाड में भाग लेने के लिये पंजीयन किया था, उन विद्यार्थियों की विकासखण्ड स्तरीय परीक्षा 7 दिसम्बर 2025 रविवार को प्रातः 11 से दोपहर एक बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक गणित विषय की परीक्षा आयोजित की गई है। परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है। ओलम्पियाड परीक्षा में कोई भी विद्यार्थी दोनों ही परीक्षा में भाग ले सकता है। इस परीक्षा से संबंधित प्रश्नपत्र विद्यार्थियों के रोल नम्बर, परीक्षा केन्द्र आदि की जानकारी मध्यप्रदेश राज्य ओपन स्कूल द्वारा अलग से भेजी जा रही है।

### युवक युवतियों का होगा परिचय सम्मेलन

**जागरण, हरदा।** विश्व गुरू शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज संगठन द्वारा आद्य गुरू दत्तात्रेय प्राकट्य महोत्सव कार्यक्रम 7 दिसंबर को हरदा के गुर्जर मांगलिक भवन में आयोजित किया जायेगा।

प्राकट्य महोत्सव में जिले के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह भी आयोजित किया जायेगा।

**70वां महापरिनिर्वाण दिवस:** प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर दी श्रद्धांजलि

# बाबा साहब ने समाज में व्याप्त विषमता अन्याय, भेदभाव के खिलाफ किया संघर्ष



**जागरण, हरदा।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर का 70वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, अजाक्स और आकाश सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अंबेडकर चौक स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किए गए और माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। परिषद की प्रदेश अध्यक्ष और अजाक्स की पूर्व जिलाध्यक्ष सीमा निराला ने कहा कि बाबा साहब ने समाज में व्याप्त विषमता, अन्याय और भेदभाव के खिलाफ संघर्ष किया था। समानता, स्वतंत्रता और बंधुता पर आधारित समाज के निर्माण का उनका सपना आज भी हम सभी के लिए पथप्रदर्शक है। परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष और अजाक्स के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश मर्सकोले ने डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवन के बारे में बताया कि बाबा साहब के विचार, सिद्धांत और दूरदृष्टि भारतीय लोकतंत्र की नींव हैं। इस अवसर पर राजकुमार मर्सकोले, बलराम आहके, सुभाष मर्सकोले, ज्योति परते, सुनील चौरे, बबीता जोठे, मीना उमरिया, फूलसिंह उईके, रमेश अहिरवार, पंचम उईके, मुकेश इवने, जीपी अहिरवार और सुनील उईके सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित रहे।

## डॉ. अंबेडकर का जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत



**जागरण, टिमरनी।** नगर के नेहरू पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जिसमें में कांग्रेसजन उपस्थित हुए। कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष जितेन्द्र सोनकिया ने कहा कि बाबा साहेब का जीवन संघर्ष हम सभी के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने भारतीय संविधान को नई दिशा दी और समाज के कमजोर वर्गों को अधिकार दिलाए। सेक्टर अध्यक्ष जीतू जसपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए और समाज में समानता व न्याय की भावना को मजबूत करना चाहिए। कार्यक्रम में पार्षद हीरा घूरे, विधायक प्रतिनिधि रितु सोलंकी, शैकी उपाध्याय, पूर्व पार्षद गिरीश घूरे, प्रियांशु राजपूत तथा अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्रीकर गद्रे ने किया।

# खंभे से सीधे तार डालकर की जा रही थी बिजली चोरी

## वेल्डिंग मशीन और सौ फीट तार जब्त किया



**जागरण, हरदा।** बिजली कंपनी के अधिकारियों ने शनिवार को पीलिया खाल स्थित नर्मदा ग्रीन कॉलोनी में बिजली चोरी का एक मामला पकड़ा है। यहां एक शेड बनाने के लिए सीधे बिजली के खंभे से तार डालकर बिजली चोरी की जा रही थी। कंपनी ने बेल्डिंग मशीन चलाने वाले कृष्णा पासी के खिलाफ बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज किया है। मौके पर बेल्डिंग मशीन और लकड़ी काटने वाली दो कटर मशीनें चल रही थीं। कंपनी के जेई पवन बारस्कर ने बताया कि उन्हें कॉलोनी के आसपास के लोगों से बिजली चोरी की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान टीम ने पाया कि करीब साढ़े पांच किलोवॉट बिजली की चोरी की जा रही थी। टीम ने मौके पर पंचनामा तैयार कर एक बेल्डिंग मशीन और लगभग सौ फीट तार जब्त किया है। बताया जा रहा है कि कॉलोनी में विकास कार्य करने वालों और आसपास के लोगों के बीच आपसी विवाद चल रहा है, जिसके कारण यह शिकायत की गई हो ऐसा माना जा रहा है।

### आज शहर में चार घंटे गुल रहेगी बिजली

**जागरण, हरदा।** रविवार 7 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बिजली गुल रहेगी। यह बिजली कटौती 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी गुप्तेश्वर मंदिर और 11 केवी इंदौर रोड फीडर से संबंधित क्षेत्रों में होगी। 11 केवी गुप्तेश्वर फीडर पर मेंटनेंस कार्य के कारण बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में सिंधी कॉलोनी, विपट कॉलोनी, राजधानी कॉलोनी, ड्रीमलैंड कॉलोनी, ब्रजधाम कॉलोनी, रौनक बिहार कॉलोनी, घंटाघर क्षेत्र, अभिषेक ग्रीन वैली, सिविल लाइन, खंडवा बायपास, भवानी कुंज और खेडीपुरा शामिल हैं। कंपनी के जेई राकेश सिलोरिया ने बताया कि 33/11 केवी हरदा शहर उपकेंद्र पर कार्य किया जाएगा।

## भारतीय स्टेट बैंक और डीसीबी बैंक द्वारा किसानों को दी जाएगी फसल बीमा राशि

**जागरण, हरदा।** टिमरनी तहसील के ग्राम कुहीग्वाडी, बघवाड, सामरधा, धौलपुर, नांदवा व हरदा तहसील के ग्राम अबगांवखुर्द के किसानों को भारतीय स्टेट बैंक व डीसीबी बैंक द्वारा कुल 7 किसानों को फसल बीमा राशि के 177191 रूपये का भुगतान किया जावेगा। पूर्व में इन किसानों को गांव के अन्य किसानों के साथ बीमा राशि नहीं मिली थी। अब आयोग के आदेश के बाद किसानों को न्याय मिला है। यह आदेश आयोग के अध्यक्ष, न्यायाधीश जेपी सिंह व सदस्य श्रीमती अंजलि जैन द्वारा दिया गया है। एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि आयोग ने अपने आदेश में कहा है कि परिवादी कृषकगण उपभोक्ता एवं विरोधी पक्ष बैंक सेवा प्रदाता है। विरोधी पक्ष बैंक ने फसल बीमा योजना के अंतर्गत अपने दायित्व के निर्वहन में कमी व लोप किया है, जिसके कारण कृषकों को क्षति हुई है। ऐसी स्थिति में योजना के अंतर्गत उस क्षति की क्षतिपूर्ति के लिए बैंक उत्तरदायी होगा। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा इन किसानों की बीमा प्रीमियम राशि काटकर बीमा कंपनी को भेजी, मगर पोर्टल पर एन्ट्री नहीं होने के कारण बीमा कंपनी ने बीमा प्रीमियम राशि वापस कर दी थी। आयोग के आदेश के बाद डीसीबी बैंक हरदा द्वारा अबगांवखुर्द के किसान वीजेन्द्र पटेल को 62396 तथा भारतीय स्टेट बैंक टिमरनी द्वारा टिमरनी तहसील के ग्राम कुहीग्वाडी के दौलतसिंह पिता रामसिंह तोमर को 16500, बघवाड के मोहनसिंह पिता चैनसिंह राजपूत को 23000, हरदा के मोहनसिंह पिता भारतसिंह राजपूत को 15600, सामरधा के जयशंकर पिता राधेलाल गुर्जर को 11576, धौलपुरखुर्द के गणेशसिंह पिता कोमलसिंह राजपूत को 14300 एवं रहटगांव तहसील के ग्राम नांदवा के किसान दीनदयाल पिता कन्हैयालाल मुकाती को 33819 रूपये दिये जाऐंगे। इसमें मानसिक संत्रास व वाद व्यय की राशि भी सम्मिलित है।

# सांसद खेल महोत्सव में हुई वालीबॉल और पिट्टू प्रतियोगिता

## टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर उत्कृष्ट खेल कौशल का किया प्रदर्शन



**जागरण, टिमरनी।** एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को वालीबॉल एवं पिट्ठू प्रतियोगिता हुई। इस प्रतियोगिता में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की टीम ने सहभागिता की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर विकासखंड के अनेक ग्रामों एवं विद्यालयों सोडलपुर, चारखेड़ा, बिच्छापुर आदि क्षेत्रों की टीमों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। ग्रामीण परिवेश से आए इन विद्यार्थियों ने खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क की अद्भुत मिसाल पेश की। कार्यक्रम में एकेडमिक हाइट्स स्कूल के संचालक सचिन बलबटे, राष्ट्रीय कवि मुकेश शांडिल्य, राजकुमार चंदेल, सागर तिवारी, दीपक पटवारी, लक्ष्मीनारायण परदेसी, स्कूल प्राचार्य आदि मौजूद रहे। पिट्ठू प्रतियोगिता बालक वर्ग में प्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोडलपुर, द्वितीय सनराइज स्कूल टिमरनी, तृतीय एकेडमी हाई स्कूल टिमरनी रहा। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम शासकीय महाविद्यालय टिमरनी, द्वितीय बिच्छापुर, तृतीय एकेडमी स्कूल टिमरनी रहा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में बालक वर्ग प्रथम में 4 एसी टिमरनी क्लब, द्वितीय एकेडमिक हाइट पब्लिक स्कूल टिमरनी, तृतीय चारखेडा एवं बालिका वर्ग में प्रथम सनराइज स्कूल टिमरनी, द्वितीय सोडलपुर, तृतीय एकेडमिक स्कूल टिमरनी रहा। इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग ब्लॉक समन्वयक हिना अली, अख्तर अहमद, दिलीप चौहान, राजनंदनी धनौर, अमीषा मालवीय, निकहत शाह का रहा।

### अयोग्य व्यक्ति को लेखापाल का प्रभार देने की शिकायत

**जागरण, टिमरनी।** नगर परिषद के उपाध्यक्ष एवं पार्षद द्वारा संभागायुक्त को नगर परिषद टिमरनी में आयोग्य व्यक्ति को लेखापाल का प्रभार देने के संबंध में आवेदन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि संचालनाय नगरीय प्रशासन एवं विकास मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा दिनांक 06 अगस्त 2025 को पत्र क्रमांक 17062 के माध्यम से अवगत कराया गया था कि नगरीय निकाय में लेखा कार्य हेतु लेखापाल का प्रभार वांछित योग्यता धारित न करने वाले लिपिकों, विनियमित कर्मचारियों, दैनिक वेतनभोगी को दिया जाता है, जिससे लेखा परीक्षण एवं भुगतान संबंधित अनियमितताएँ होती हैं। साथ ही लेखापाल का प्रभार लेखा परीक्षा उत्तीर्ण लेखा कार्य हेतु अपेक्षित योग्यता धारित करने वाले अथवा वरिष्ठ लिपिक को ही दिया जाना सुनिश्चित करने कि बात कही गई।

उन्होने कहा कि वर्तमान लेखापाल को लेखापाल के पद से हटाया जाकर योग्य लेखापाल की नियुक्ति की जावे तथा योग्य लेखापाल ना मिलने की स्थिति में आस पास के योग्य लेखापाल को नगर परिषद का प्रभार सौंपा जाये। इस दौरान नप उपाध्यक्ष जयंत कौशल, पार्षद सुनील दुबे, पार्षद सुधीर गौर, पार्षद उमा पाल, पार्षद हीरा घुरे, पार्षद प्रीति बंसल आदि के हस्ताक्षरित आवेदन सौंपा गया।

# जिले के प्रत्येक मतदान केन्द्र में होगा एएसडीआर की अंतरिम सूची का वाचन



**जागरण, हरदा।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र के निर्देशानुसार जिले की विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी एवं 135 हरदा के प्रत्येक मतदान केन्द्रों पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा तैयार किये गये शेड्युल अनुसार 08 से 10 दिसम्बर तक एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मृत, शिफ्टेड, रिपिटेड, अनुपस्थित पाये गये मतदाताओं की तैयार की गई अंतरिम सूची का वाचन मतदान केन्द्र पर किया जावेगा। वाचन के दौरान सुपरवाइजरी अधिकारी, बूथ लेवल आफिसर, बूथ लेवल एजेंट, मतदान केन्द्र क्षेत्र में कार्यरत पटवारी, आंगनवाडी कार्यकर्ता, सचिव, जीआरएस, आशा कार्यकर्ता के साथ ही गणमान्य नागरिक सरपंच, उपसरपंच, पंचगण आदि उपस्थित रहेंगे। सभी मतदान केन्द्र क्षेत्र में किये जाने वाले वाचन कार्य का व्यापक प्रचार कराया जावेगा। अंतरिम सूची के वाचन के दौरान यदि एएसडीआर सूची में से यदि कोई मतदाता जीवित उपस्थित पाया जाता है तो बीएलओ द्वारा उसे फिर से मेप किया जा सकेगा। वर्तमान में एसआईआर के अन्तर्गत गणना फार्म भरकर देने का कार्य 11 दिसम्बर 2025 तक सम्पन्न किया जाना है। एएसडीआर सूची एवं प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन प्रत्येक मतदान केन्द्र, जिले की वेबसाइट पर एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों पर 16 दिसम्बर 2025 को किया जावेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा यह भी निर्देशित किया गया है कि मतदाताओं को वितरित किये गये 100 प्रतिशत गणना फार्म बीएलओ को वापस प्राप्त करना होगा चाहे मतदाता का नाम अनमेप्ड अथवा अनकलेक्टेड सूची में दर्ज हो। सभी राजनैतिक दलों की बैठक आहुत की जाकर उनसे मतदान केन्द्रवार तिथि समय सहित वाचन के कार्यक्रम का शेड्यूल शेयर किया गया है। मतदान केन्द्र पर आयोजित बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपने नियुक्त किये गये बूथ लेवल एजेंटों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने हेतु कहा गया है।

## नवंबर माह में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत



**जागरण, खिरकिया।** शासकीय हाई स्कूल पोखरनी उबारी में माह नवम्बर 2025 में शत प्रतिशत उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को शाला परिवार द्वारा पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों एमें कक्षा नवमी में वेदांशी संतोष मालवीय, भूमिका किशोर महाजन, रिंकी कमलेश महाजन, संजना कमलनारायण ओनकर, सिम्मी जय प्रकाश राजपूत, गुलशन राधेश्याम महाजन, अमन अख्तर खान, हरीश राकेश अहिरवार, कक्षा दसवीं में मयंक भागवत महाजन, इशिता पदम मीणा, हिमांशी सुरेश राजपूत, निकिल चंपालाल महाजन, मैहर संतोष महाजन, बानी सतीश चौरे, सोनिका शंकरलाल मंडराई, सुहाना मजीद खान शामिल हैं। संस्था के प्राचार्य प्रदीप रिछारिया ने बच्चों को शुभकामनाएं देते आगामी माह में अधिक बच्चों के नियमित विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकगण श्याम भैसारे, चंदन सिंह सोनेर, सुभाष उमरिया, सूरज राय, डॉली मालवीय आदि उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** | होमगार्डस् तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह आयोजित

# मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यालय से प्रदाय प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि के चेक वितरित



**जागरण, हरदा।** होमगार्ड स्थापना दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन शनिवार को होमगार्ड कार्यालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर सिद्धार्थ जैन एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक शंशाक तथा विधायक हरदा डॉ आरके दोगने का एएसआई उमेश खले ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। परेड कमाण्डर शिवराज चौधरी प्लाटून कमाण्डर द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी दी गई।

कार्यक्रम में होमगार्ड बल के दो प्लाटून तथा एक प्लाटून सिविल डिफेन्स द्वारा मार्च पास्ट किया गया। प्रथम प्लाटून का नेतृत्व हवलदार स्टोरमेन दीपक ठाकुर, द्वितीय प्लाटून का नेतृत्व संतोष ओझा सैनिक एवं तृतीय सिविल डिफेन्स प्लाटून का नेतृत्व प्रेमेन्द्र साकल्ले द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा अधिकारी कर्मचारी व जवानों के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यालय से प्रदाय प्रशस्ति पत्र एवं पुरुस्कार राशि के चेक वितरित किये गये। इस दौरान अतिथियों द्वारा आपदा प्रबंधन प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अधिकारी, कर्मचारी, जवान, सिविल डिफेन्स व उनके परिवार के सदस्यों ने खेलकुद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान रस्साकसी, मटकी फोड, कुर्सी दौड जैसे खेलों का आयोजन किया गया। रस्साकसी मे सिविल डिफेन्स के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में होमगार्ड जवान एवं उनके परिवार के बच्चों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस एवं अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## तहसीलदार ने अपनी पुत्री का सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाया



**जागरण, हरदा।** संपूर्ण सुकन्या जिला, अभियान को प्रोत्साहन देते हुए तहसीलदार हंडिया वीरेंद्र उइके ने अपनी पुत्री का सुकन्या समृद्धि खाता हरदा डाकघर में खुलवाया। इसके साथ ही उन्होंने एसबीपीआरएम खाता तथा 799 रूपये वार्षिक प्रीमियम वाली जीएजी बीमा योजना 15 लाख रूपये सुरक्षा कवच का लाभ भी लिया। इस अवसर पर डाक निरीक्षक हरदा अमित कुमार व्यास एवं उनकी टीम द्वारा चलाए जा रहे संपूर्ण सुकन्या जिला हरदा अभियान की तहसीलदार श्री उइके ने सराहना करते हुए भारतीय डाक विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान बालिकाओं के भविष्य को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। तहसीलदार श्री उइके ने जिले के सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार की पात्र बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते अवश्य खुलवाएँ और बेटियों के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य के इस जनहितकारी प्रयास में सहभागी बनें। डाक निरीक्षक हरदा अमित कुमार व्यास ने बताया कि जिले को संपूर्ण सुकन्या जिला घोषित करने हेतु डाक विभाग निरंतर अभियान चला रहा है तथा प्रत्येक ग्राम, वार्ड और संस्थान तक पहुँचकर पात्र बालिकाओं के खाते तेजी से खोले जा रहे हैं।